अमर उजाला 03/11/2025

# वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शुक्रवार को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की ओर से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी, नर्सिंग और खेल विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने मल्टी-लेवल पार्किंग एरिया से वार हीरोज स्टेडियम तक दौड़ लगाकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक टीम, शिक्षकों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। संवाद